तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 29 दिसंबर 2024



12 मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण समिति में ...



13 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शामिल हुए विधायक






## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का स्वागत, एम्स की मांग

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय आर्यु विज्ञान संस्थान एम्स की स्थापना को लेकर भाजपा का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से सौजन्य भेंट की। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में दंतेवाड़ा एवं बीजापुर प्रवास मे जाने से पूर्व भाजपा पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं एम्स की स्थापना को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यहां से 300 किलोमीटर सड़क मार्ग से रायपुर एवं विशाखापट्टनम जाना पड़ता है । जहां इलाज का खर्च अधिक होने के कारण गरीब वर्ग के लोग परेशान होते हैं। मिलने वालों में जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, श्रीनिवास राव मद्दी, योगेंद्र पांडे, रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, राजेंद्र बाजपेई एवं संग्राम सिंह राणा शामिल थे।

### सनातन जागरण की तुलसी पूजा में हुआ सुंदरकांड पाठ



**जगदलपुर।** सनातन जागरण एकता मंच के द्वारा मावली माता मंदिर में तुलसी पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत संकट मोचन भक्त मंडली द्वारा सुंदरकांड , सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती ने भक्तजनों को झूमने के लिए आत्म विभोर कर दिया। आनंद उत्साह के साथ श्रद्धालु डटे रहे। संकट मोचन भक्त मंडली के संयोजक राजकुमार शुक्ला, मनीष मिश्रा की टीम में कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। पश्चात नगर क्षेत्र के पंडितो पुजारी का सम्मान किया गया। इस दौरान सनातन जागरण एकता मंच के अध्यक्ष दामोदर कुमार सचिव नलिन शुक्ला ने कहा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योगेंद्र कौशिक डॉ. मनोज पाणिग्रही, बृजेश शुक्ला, राजू रंजन तोमर लक्ष्मण, पुरोहित, रामचरण गुप्ता, अजय सेठिया गजेंद्र साहू धीरज कश्यप गणेश दहिया कमल नारायण तिवारी सुशांत भद्र कौशिक शुक्ला यशवंत बघेल यदुनाथ नंदन मनोज शुक्ला आशीष कोटक समीर कुमार गिरी पायल शुक्ला रजनी उपाध्याय सम्मलित थे।

### मुख्य सचिव ने नियद नेल्लानार योजना की वीसी समीक्षा की



**जगदलपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने नियद नेल्लानार योजना के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु शनिवार को संभाग के पाँच जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा किए। उन्होंने सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कांकेर जिला के कलेक्टरों से योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सर्वे कार्य की प्रगति, प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा और संचार सुविधाओं के संबंध में चर्चा किए । मुख्य सचिव ने कहा कि सर्वे कार्य को माइक्रो लेवल पर जा कर जाँच करवाएँ ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। नियद नेल्लानार योजना के चिन्हांकित जगहों के स्कूलों में शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और शासन की योजनाओं से बच्चों को लाभान्वित किया जाए । बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण,आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र निर्माण जैसे आवश्यक कार्य भी करवाएँ। संबंधित जगहों शेष पेज 12 पर



# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेता जूडो खिलाड़ी हेमवती ने कहा-ओलंपिक में मेडल लाना मेरा एकमात्र लक्ष्य

## राष्ट्रपति से सम्मानित हुई कोंडागांव की हेमवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोंडागांव की हेमवती नाग राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के हाथों सम्मानित हुई है । 10वी में पढ़ने वाली हेमवती ने बचपन में ही अपने माता-पिता को खो दिया था । हेमवती नाग से जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूछा आगे क्या सोचा है इस पर हेमवती ने कहा ओलंपिक में मेडल लाना है । माता-पिता की मौत के बाद बालिका गृह पहुंची हेमवती ने साबित कर दिया है कि प्रतिभा को केवल अवसर चाहिए।

राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी हेमवती को राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया। हेमवती को अलग-अलग स्तर की प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए सम्मान मिला है । हेमवती आइटीबीपी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। कोच उदय यादव ने बताया कि हेमवती ग्राम बड़े कनेरा की रहने वाली है । 2020 से हेमवती को जूडो कोचिंग दे रहे हैं अब तक नेशनल में एक गोल्ड दो सिल्वर दो कांस्य पदक जीत चुकी है। उसने स्टेट लेवल पर 11 गोल्ड जीते हैं ।

## सियासत : महापौर के लिए कई दिग्गजों की चर्चा पर

# भाजपा जिलाध्यक्ष के लिये प्रभारी ले गये 6 नाम प्रदेश संगठन से तीन नाम दिल्ली जाने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा में संगठन चुनाव अंतिम दौर में है मण्डल अध्यक्ष के चयन में लोहण्डीगुड़ा, करपावण्ड और बस्तर से शिकायत की गई है। वहीं जिलाध्यक्ष के लिये दावेदार 6 नाम की सूची लेकर प्रभारी विक्रम उसेण्डी रवाना हो गये हैं। वहां से प्रदेश संगठन से 3 नाम का पैनल दिल्ली जाना है, जहां एक नाम पर मुहर लगेगी।

- मंडल अध्यक्ष के लिये लोहण्डीगुड़ा में ही आपत्ति
- करपावंड में तरूण पाण्डे का आधार कार्ड के अनुसार आयु ठीक है

भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि मण्डल अध्यक्ष के चयन में केवल लोहण्डीगुड़ा मण्डल से ही आपत्ति आई है। उन्होंने कहा कि एक को जिम्मेदारी दी जाती है। जिनको नहीं चुना जाता वहां असंतोष और आपत्ति की स्थिति बनती है। करपावण्ड में तरूण पाण्डे ने आधार कार्ड जमा किया है उसके अनुसार आयु ठीक है। इसमें भी यदि किसी को आपत्ति है तो वे प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिलाध्यक्ष के लिये दावा करने वालों में रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डे, रजनीश पानीग्राही, संजय पाण्डे और राजेन्द्र बाजपेयी शामिल है। जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने कहा कि सभी दावेदार की सूची लेकर प्रभारी चले गये है। अब वहां से 3 नाम किनका भेजा गया है यह प्रदेश अध्यक्ष ही बता सकते हैं। बहरहाल सूत्रों के अनुसार रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डे और संजय पाण्डे में से किसी एक नाम पर मुहर लगने की संभावना है। नियुक्ति कब तक होगी इस विषय में भी रूपसिंह ने जानकारी नहीं होने की बात कही।





### महापौर के लिये कई दावेदार

*इस बार जनता के द्वारा महापौर का सीधा चुनाव होगा। बताया जा रहा है कि अनारक्षित सीट होने से सामान्य वर्ग के कई दावेदार अभी से सक्रिय हो गये हैं। वहीं ओबीसी के भी कई लोगों का नाम महापौर के लिये सामने आ रहा है। ऐसी स्थिति में एक नाम का चयन करना मुश्किल होगा। इसमें भी विधायक की तरह ऊपर से ही नाम फाईनल हो सकेगा। दावेदारों में संजय पाण्डे, योगेन्द्र पाण्डे, रजनीश पानीग्राही, अनिल लुकड़ समेत अन्य भाजपाई शामिल है।*

### रेखचंद हुआ तो क्या बाफना आएंगे?

टिकट की माथापच्ची के बीच कांग्रेस के पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नाम की चर्चा कांग्रेसी खेमें मे चल रही है। ऐसी स्थिति में भाजपा में पूर्व विधायक संतोष बाफना के नाम पर भी चर्चाओं का बाजार सरगर्म है। यदि ऐसा हुआ तो दो पूर्व विधायक एक ही समाज से आमने-सामने हो सकते हैं, बहरहाल अभी दिल्ली दूर है। सबसे पहले तो महापौर और अध्यक्ष के लिये आरक्षण की लॉटरी निकलेगी उसके बाद ही दावेदारों का नाम सामने आयेगा। राजनीति में सब कुछ संभव है। इसलिये किसी भी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आने वाला समय किस करवट बैठेगा और किसका राजयोग चलेगा यह महत्वपूर्ण होता है। फिलहाल भाजपा सत्ता में है, राज्य के साथ-साथ केन्द्र में भी डबल इंजन की सरकार है इसलिये जिसकी दौड़ और पहुंच हाई लेवल तक होगी वह मुकद्दर का सिंकदर होगा। यह राजनीति में अहम बात होती है।

# वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में छूट देने का वादा रेलमंत्री निभाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिलाध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल शनिवार को सांसद महेश कश्यप से उनके निवास में भेंट कर मांगपत्र सौंपा । अध्यक्ष ने बताया कि विगत दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की थी कि रेलवे में वरिष्ठ लोगों के लिए पुरुष वर्ग को 40 प्रतिशत और महिला वर्ग को 50 प्रतिशत की किराए में छूट दी जाएगी। लेकिन लम्बी अवधि व्यतीत होने के बाद भी यह सुविधा नहीं मिल रही है, जिससे निराशा है। संगठन ने सांसद के माध्यम से प्रधान मंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर इस योजना का लाभ लोगों को दिलाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में भरतलाल गुप्ता, राजेंद्र पांडे,संजय दूबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

- सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल, महेश ने कहा रेलमंत्री से करेंगे चर्चा

### सांसद ने कहा अच्छी पहल

सांसद ने कहा है कि यह एक अच्छी पहल है और इस पर चर्चा कर आप लोगों की मांग पूरी कराने का पूरा प्रयास करूँगा। उन्होंने यह भी कहा है कि इस योजना का लाभ सिर्फ बस्तर के लोगों को ही नहीं अपितु पूरे देश के लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व में धारा 49 (6) को समाप्त किए जाने के लिए सौंपे ज्ञापन पर भी चर्चा हुई। एनएमडीसी नगरनार में स्थानीय लोगों को भी नौकरी प्राथमिकता के आधार पर मिले इस पर भी चर्चा हुई।

# 10 बाइक बरामद, दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर में दो शातिर चोर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। शहर में अलग-अलग स्थानो से मोटर सायकल चोरी की शिकायतें मिली थी। सीएसपी उदय पुष्कर ने शनिवार को कोतवाली थाना में पत्रवार्ता में बताया कि अकरम सुता शांतिनगर निवासी ने 3 सितम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराया था जिनका होण्डा एक्टीवा 4 जी क्रमांक-सीजी.के.एम.5879 शोरूम के बाहर पार्किग से चोरी हो गई थी।

भुवने कश्यप निवासी ग्राम महुपाल बरई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 अक्टूबर को मोटर सायकल स्प्लेण्डर प्लस क्रमांक-सी जी . 1 7 . के . ए म . 6 5 9 3 सिरहासार चौक में खडा किया था यहां से चोरी हो गई। वहीं महेन्द्र सिसोदिया निवासी जगदलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 अक्टूबर को हिरो स्प्लेण्डर क्रमांक-सीजी.17.के.एच.6100 चोरी हो गया। सीएसपी ने बताया कि विवेचना में दो आरोपी जगदीश जोशी निवासी बोरीगांव एवं गुड्डूराम सागर निवासी नंदपूरा को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। दोनों आरोपियों से कुल 10 चोरी की गाड़ियों को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियो के खिलाफ सबुत पाये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया।

दोनों चोरों को गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका निभाने वालों में प्रशिक्षु आईपीएस गगनकुमार, निरीक्षक शिवानंद सिंह, उपनिरीक्षक लोकेश्वर प्रसाद नाग, सहायक उपनिरीक्षक परिमल दास, भुवनेश्वर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, उमेश चंदेल, युवराज सिंह ठाकुर, रोशन सिंह चौहान, रमेश पोर्ते, उत्तम धुव शामिल रहे ।

## बाजे-गाजे, ढोल नगाड़े व आतिशबाजी के साथ निकली श्री कृष्णा की बारात



**जगदलपुर।** 23 से श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य एवं भव्य आयोजन श्री राधारमण भागवत समिति के तत्वावधान में निरंतर चल रहा है। शनिवार को छठवें दिवस रुक्मणी मंगल श्रीकृष्ण विवाह की कथा का पाठ कथा वाचिका ने किया। कृष्ण भगवान की गाजे बाजे ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ बारात निकाली गई। उत्सव यजमान सह यजमान सहित समाज प्रमुखों के माध्यम से आरती हुई। इस दौरान मातृ शक्तियां लाल रंग के पारंपरिक परिधान धारण की थी।

## बेवफाई पर चिढ़कर निर्मम हत्या, पुलिस की मुस्तैदी से गुत्थी सुलझी

# नाबालिग प्रेमिका की हत्या के आरोप में गिरफ्तार प्रेमी पर पाक्सो की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



मुरतोण्डा कृषि विज्ञान केंद्र के खाली पड़े बाउण्ड्रीवाल के भीतर जंगल झाड़ी में एक नग्न अवस्था में सड़ी गली लाश मिलने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। चिंगावरम निवासी मनोज मंडावी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार युवक प्यार में मिले धोखे से नाराज था।

हत्या करने की नियत से उसे कृषि विज्ञान केन्द्र ले गया और मौत के घाट उतार दिया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में थाना के स्टाफ उप निरीक्षक चंद्रपाल कंवर, जगतपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक रामकुमार पटेल, सागर निषाद, प्रधान आरक्षक जयपाल सिंह, धनराज टेकाम, संजय नेताम सोड़ी एड़मा, आरक्षक विनोद गोंड छोटेलाल मधुकर, महिला आरक्षक संतोषी नेताम, गीतिका वर्मा एवं सायबर सेल से आरक्षक नेमपाल दिवाकर का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुरतोंडा निवासी मुकाराम नाग ने सूचना दी कि कृषि विज्ञान केंद्र के खाली पड़े परिसर में एक युवती की नग्न अवस्था में सड़ी गली लाश मिली है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और विवेचना शुरू की। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार के पर्यवेक्षण में निरीक्षक शिवानंद तिवारी कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। सीमावर्ती जिलों के गुम इंसान की भी पतासाजी की गई। साथ ही साइबर सेल और पुलिस द्वारा विभिन्न मोबाइल नंबरों का तकनीकी विश्लेषण किया गया। जिसके आधार पर मृत महिला की पहचान हुई। इसके बाद चिंगावरम निवासी मुख्य संदेही मनोज मंडावी पिता हांदा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मृत लड़की उसकी पूर्व प्रेमिका है वह उसे धोखा दे रही थी। इस कारण सुनियोजित तरीके से उसकी हत्या करने की नीयत से 9 नवंबर की शाम लगभग 6 बजे कृषि विज्ञान केंद्र मुरतोण्डा में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और डंडा से पीट -पीटकर उसकी हत्या कर शव को सागौन के पत्ते से ढक दिया था।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

